भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 38 | बिजौलिया - शुक्रवार,18 सितम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

निकाय बोर्ड गठन से पहले सियासी संग्राम तेज, गहलोत के गंभीर आरोपों से गरमाई राजस्थान की सियासत

पूर्व सीएम बोले- CMO का IAS अधिकारी कलेक्टर-एसडीएम पर बना रहा दबाव, भाजपा पर निर्दलीय व विपक्षी पार्षदों को करोड़ों की रिश्वत देने का लगाया आरोप; डोटासरा ने कहा- जनादेश लूटने वालों की तय होगी जिम्मेदारी

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

राजस्थान में हाल ही में संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनावों के बाद अब बोर्ड गठन को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। कई निकायों में बहुमत के लिए निर्दलीय और अन्य दलों के पार्षदों की भूमिका महत्वपूर्ण होने के बीच कांग्रेस ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासनिक मशीनरी और धनबल के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दावा किया कि मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात एक आईएएस अधिकारी कलेक्टरों और एसडीएम पर भाजपा के बोर्ड बनवाने के लिए दबाव बना रहा है। गहलोत ने आरोप लगाया कि नगर निकायों में मेयर और चेयरमैन के पद हासिल करने के लिए निर्दलीय तथा दूसरे दलों के पार्षदों को करोड़ों रुपये की रिश्वत देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि जो पार्षद इन कथित प्रस्तावों को स्वीकार नहीं कर रहे हैं, उन्हें पुलिस के जरिए डराया-धमकाया जा रहा है और जबरन उठवाने का दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि, ये आरोप गहलोत द्वारा लगाए गए हैं और उपलब्ध रिपोर्टों में इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि सामने नहीं आई है।

गहलोत बोले- 'यह जनता की जेब पर सीधा डाका'

पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा कि यदि कोई व्यक्ति करोड़ों रुपये खर्च कर मेयर या चेयरमैन का पद हासिल करता है तो उसके सामने अपनी लगाई रकम वापस निकालने का दबाव रहेगा। गहलोत ने आरोप लगाया कि ऐसी कथित वसूली का असर शहरों में होने वाले विकास कार्यों और आम जनता के कामों पर पड़ सकता है। उन्होंने सड़क निर्माण, पट्टे, नालियों और सरकारी फाइलों का जिक्र करते हुए कहा कि इसका भार अंततः जनता पर पड़ेगा।

गहलोत ने इसे केवल राजनीतिक सत्ता हासिल करने का मामला नहीं बताते हुए कहा कि इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। उन्होंने जनता से इस पूरे घटनाक्रम को लेकर जागरूक रहने की अपील भी की।

डोटासरा भी हमलावर, अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की बात

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा



ने भी निकाय बोर्ड गठन को लेकर भाजपा और प्रशासन पर निशाना साधा। डोटासरा ने कहा कि जनता के जनादेश को प्रभावित करने या उसे लूटने में भूमिका निभाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समय आने पर पूरी जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान की शपथ लेकर सत्ता का दुरुपयोग करने और राजनीतिक दल के कार्यकर्ता की तरह काम करने वालों का भी पूरा हिसाब लिया जाएगा।

कई निकायों में निर्दलीय पार्षदों पर नजर

निकाय चुनाव परिणामों के बाद कई जगह भाजपा और कांग्रेस के बीच बोर्ड बनाने की स्थिति बहुमत के आसपास है। ऐसे में निर्दलीय और अन्य दलों से जुड़े पार्षद निर्णायक भूमिका में आ गए हैं। बोर्ड गठन से पहले दोनों प्रमुख दल अपने-अपने पार्षदों को एकजुट रखने और संभावित क्रॉस वोटिंग रोकने के लिए रणनीति बना रहे हैं। इसी बीच पार्षदों की बाड़ेबंदी को लेकर भी राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।


आरोपों के बीच भाजपा सरकार की ओर से जवाब का इंतजार


गहलोत और डोटासरा के आरोपों ने निकाय बोर्ड गठन की प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक बहस को और तेज कर दिया है। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार गहलोत के आरोपों पर भाजपा या राज्य सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। ऐसे में आने वाले दिनों में इन आरोपों पर सरकार और भाजपा का पक्ष महत्वपूर्ण रहेगा।

निकाय चुनाव के बाद अब असली सियासी परीक्षा बोर्ड गठन की है। जहां संख्या बल के साथ-साथ पार्षदों की एकजुटता, निर्दलीयों की भूमिका और राजनीतिक रणनीति अहम होने वाली है, वहीं कांग्रेस के इन आरोपों ने प्रशासनिक भूमिका और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

बिजोलिया में तेज बारिश से सड़कों पर जलभराव, मौसम सुहावना

अचानक बदले मौसम ने दी गर्मी-उमस से राहत, प्रमुख मार्गों पर जमा हुआ बारिश का पानी





भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

नगर में गुरुवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। दो घंटे हुई तेज बारिश से शहर की सड़कों पर पानी बहने लगा। वहीं कई प्रमुख स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बारिश के बाद नगरपालिका चौक, सब्जी मंडी मार्ग, तेजाजी का चौक और रोडवेज बस स्टैंड सहित नगर के कई प्रमुख स्थानों पर बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया। तेज बारिश के चलते कुछ समय के लिए आमजन की आवाजाही भी प्रभावित रही।

अचानक हुई बारिश से जहां शहर में जलभराव की स्थिति बनी, वहीं मौसम सुहावना हो गया। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। शाम को हुई बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया और नगरवासियों ने राहत महसूस की।


कलेक्ट्रेट के बाहर युवक ने खुद पर केरोसिन उड़ेला, आग लगाने से पहले पुलिस ने रोका

8 लाख रुपए लेकर प्लॉट नहीं देने का आरोप, कार्रवाई नहीं होने से नाराज होकर दबाव बनाने की कोशिश; पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर गुरुवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक ने खुद पर केरोसिन उड़ेलकर आग लगाने का प्रयास किया। युवक के हाथ में केरोसिन से भरी केन और लाइटर देखकर मौके पर मौजूद डीएसबी व पुलिसकर्मियों ने तत्काल उसे पकड़ लिया और केन व लाइटर छीन लिए। इसके बाद युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना क्षेत्र निवासी किशन भाट दोपहर में अपनी शिकायत लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचा था। बताया जा रहा है कि युवक ने कार्यालय के बाहर पहुंचने के बाद खुद पर केरोसिन डाल लिया और आग लगाने की कोशिश की। इससे पहले कि वह कोई कदम उठाता, वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे काबू कर लिया।

पुलिस द्वारा युवक को भीलवाड़ा एसपी सागर राणा के समक्ष पेश किया गया। पूछताछ के दौरान किशन ने आरोप लगाया कि उसने करीब दो साल पहले गांधीनगर थाना क्षेत्र निवासी रामलाल को 8 लाख रुपए दिए थे। इसके बदले उसके घर के पास एक प्लॉट देने की बात हुई थी। किशन का आरोप है कि रुपए देने के बावजूद अब तक उसे प्लॉट नहीं दिया गया और रकम भी वापस नहीं की जा रही है।युवक ने पुलिस के समक्ष यह भी आरोप लगाया कि मामले में शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से वह परेशान था। इसी नाराजगी के चलते वह कलेक्ट्रेट पहुंचा और खुद को आग लगाने



का प्रयास किया।

इधर मामले को लेकर पुलिस में बताया की किशन भाट ने जमीन से जुड़े मामले में गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान युवक से प्रॉपर्टी से संबंधित दस्तावेज और रुपए के लेनदेन से जुड़े प्रमाण तथा गवाह पेश करने के लिए कहा गया था। किशन को कई बार थाने बुलाकर बयान देने के लिए भी कहा गया, लेकिन वह बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचा। पुलिस का कहना है कि दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने के कारण मामले की जांच आगे बढ़ाने में परेशानी आ रही थी।

पुलिस ने बताया कि गुरुवार को युवक ने पुलिस पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के बाहर खुद पर केरोसिन डाल लिया। पुलिस ने समय रहते उसे रोक लिया। घटना के बाद युवक को हिरासत में लिया गया है और उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

एक रात में तीन घरों में लाखों की चोरी

परिवार मंदिर में जागरण में गया था, पीछे से ताले तोड़कर गहने-नकदी ले गए चोर



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। क्षेत्र के बनकाखेड़ा गांव में बुधवार रात चोरों ने एक साथ तीन घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी कर ली। वारदात के दौरान परिवार के सदस्य देवनारायण मंदिर में आयोजित रात्रि जागरण में शामिल होने गए थे। पीछे से चोरों ने घरों के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बनकाखेड़ा निवासी बरदी चंद्र वैष्णव परिवार सहित रात करीब 9 बजे मंदिर गए थे। करीब 11 बजे वापस लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर कमरों के ताले भी टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी, पलंग और लोहे के बक्से में रखे करीब दो तोला सोने का नेकलेस, मंगलसूत्र, सोने के अन्य आभूषण, करीब 850 ग्राम चांदी के जेवर तथा एक लाख रुपए नकद चोरी कर ले गए।

इसी तरह चोरों ने पास ही रामेश्वर लाल शर्मा के मकान को भी निशाना बनाया। मुख्य गेट और कमरे का ताला तोड़कर चोर अलमारी में रखे आभूषण और नकदी ले



गए। यहां से करीब पांच तोला सोने के आभूषण, चांदी के जेवर और 40 हजार रुपए नकद चोरी होने की रिपोर्ट दी गई है। चोरों ने वारदात के दौरान आसपास के कुछ मकानों के बाहर से भी कुंडी लगा दी, ताकि जाग होने पर लोग तुरंत बाहर नहीं निकल सकें। इसके अलावा रामचंद्र जाट के नए मकान तथा भगवान वैष्णव और सत्यनारायण वैष्णव के नोहरे के ताले भी टूटे मिले।

घटना की सूचना मिलते ही बड़लियास थाना प्रभारी जसवंत सिंह और सवाईपुर चौकी प्रभारी महेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

बिजोलिया में बोर्ड के लिए जोड़-तोड़ तेज, क्रॉस वोटिंग की आशंका से बढ़ी धड़कनें

भाजपा 12 पर अटकी, कांग्रेस 11 पर; दो निर्दलीय बने निर्णायक कड़ी , एक-एक वोट पर नजर, पार्षदों की बाड़ाबंदी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

कपिल श्याम विजय

नगर पालिका चुनाव में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देने के बाद अब भाजपा और कांग्रेस की नजर अध्यक्ष की कुर्सी पर टिक गई है। 25 वार्डों के चुनाव परिणाम में भाजपा ने 12 और कांग्रेस ने 11 सीटें हासिल कीं, जबकि दो निर्दलीय पार्षदों की जीत ने अध्यक्ष पद के लिए मुकाबले को पूरी तरह दिलचस्प बना दिया है। बहुमत के लिए 13 पार्षदों का समर्थन जरूरी है। ऐसे में भाजपा बहुमत से एक और कांग्रेस दो कदम दूर है।

अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की संवीक्षा के बाद अब भाजपा की स्नेहा तिवाड़ी और भूमिका सुवालका के बीच मुकाबला रह गया है। गुरुवार को रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सीएल शर्मा की देखरेख में हुई संवीक्षा में दो नामांकन खारिज किए गए। वार्ड 14 की भाजपा पार्षद हर्षदा कुमारी राठौर और वार्ड 17 की आशा देवी जोशी के नामांकन निरस्त हुए।



क्रॉस वोटिंग की आशंका ने बढ़ाई चिंता

अध्यक्ष पद के चुनाव में सबसे ज्यादा चर्चा क्रॉस वोटिंग की आशंका को लेकर है। दोनों प्रमुख दलों ने चुनाव में एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी थी और अब बोर्ड बनाने के लिए समर्थन जुटाने की कवायद शुरू हो गई है। ऐसे में निर्दलीय पार्षदों के साथ-साथ अपने खेमे के पार्षदों को लेकर भी दोनों दल सतर्क नजर आ रहे हैं। राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए एक-एक पार्षद का वोट अहम हो गया है। ऐसे में किसी पार्षद के पाला बदलने या क्रॉस वोटिंग करने की स्थिति में पूरा गणित बदल सकता है। इसी आशंका के चलते दोनों खेमों द्वारा अपने पार्षदों को एकजुट रखने के प्रयास किए जा रहे हैं और बाड़ाबंदी किए जाने की चर्चा भी है।

दो निर्दलीय, दोनों दलों की नजर

भाजपा को बोर्ड बनाने के लिए केवल एक अतिरिक्त समर्थन की जरूरत है, जबकि कांग्रेस को दो पार्षदों का साथ जुटाना होगा। ऐसे में दोनों निर्दलीय पार्षदों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है।

आज नाम वापसी, 21 को फैसला

अध्यक्ष पद के लिए नाम वापसी की अंतिम तारीख 18 सितंबर है, जबकि 21 सितंबर को मतदान होगा। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। नगर पालिका की राजनीति में अब चुनाव परिणाम के बाद अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचने की असली जंग शुरू हो गई है। चुनाव मैदान में आमने-सामने रही भाजपा और कांग्रेस अब बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने के लिए रणनीति बनाने में जुटी हैं। ऐसे में 21 सितंबर का मतदान सिर्फ अध्यक्ष का चुनाव नहीं, बल्कि बिजोलिया नगर पालिका के बोर्ड की दिशा तय करने वाला दिन भी होगा।

दीपावली पर भीलवाड़ा में सिर्फ ग्रीन पटाखों की बिक्री

अस्थायी लाइसेंस अधिकतम 10 दिन के लिए जारी होंगे, एसडीएम को अधिकार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

दीपावली पर भीलवाड़ा जिले में केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति होगी। इसके लिए जारी होने वाले अस्थायी लाइसेंस अधिकतम 10 दिन के लिए मान्य होंगे। जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू ने जिले के सभी उपखंड मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमानुसार अस्थायी लाइसेंस जारी करने के लिए अधिकृत किया है।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि राजस्थान सरकार की संशोधित परामर्शदात्री में उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्णयों को ध्यान में रखते हुए एनसीआर क्षेत्र को छोड़कर पूरे राजस्थान में केवल ग्रीन आतिशबाजी की बिक्री और उपयोग की अनुमति दी गई है। ग्रीन पटाखों की पहचान, बिक्री और उपयोग को लेकर निर्धारित दिशा-निर्देशों की पालना करनी होगी। निर्देशों के अनुसार उपखंड मजिस्ट्रेट संबंधित पुलिस उप अधीक्षक के साथ संयुक्त मौका निरीक्षण कर पटाखों की बिक्री के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करेंगे। इसके बाद निर्धारित प्रारूप में आवेदन लिए जाएंगे। चिन्हित स्थल पर निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी के माध्यम से आवेदकों का चयन किया जाएगा। जांच प्रक्रिया पूरी करने के बाद दीपावली से 10 दिन पूर्व अस्थायी लाइसेंस जारी करने की कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस अधिकतम 10 दिनों के लिए और केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए जारी होंगे। अधिकारियों को केंद्र एवं राज्य सरकार तथा विस्फोटक विभाग की ओर से समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों की पूरी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

भादवी छठ पर चांदी के विशेष मुकुट तैयार

स्वर्ण कलाकार भागीरथ सोनी ने भगवान देवनारायण व भैरू नाथ के लिए बनाए मुकुट

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



भादवी छठ के पावन पर्व पर कस्बा निवासी स्वर्ण कलाकार भागीरथ सोनी ने श्रद्धालुओं की मांग पर शुद्ध चांदी से भगवान श्री देवनारायण और श्री भैरू नाथ के लिए विशेष मुकुट तैयार किए हैं।

मुकुटों पर आकर्षक नक्काशी के साथ क्रमशः 'जय श्री देवनारायण' और 'जय श्री भैरू नाथ' अंकित किया गया है। देवनारायण के मुकुट पर मयूर आकृतियों के साथ फूल-पत्तियों की बारीक कारीगरी की गई है, जबकि भैरू नाथ के मुकुट पर पारंपरिक बेल-बूटों की नक्काशी की गई है।

भादवी छठ पर देवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भजन संध्या में झूमे भक्त



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। भादवी छठ पर कस्बे सहित आसपास के गांवों में भगवान श्री देवनारायण मंदिरों में गुरुवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पैदल पहुंचकर भगवान देवनारायण के दर्शन किए, खीर का भोग लगाया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

भादवी छठ की पूर्व संध्या पर विभिन्न स्थानों पर रात्रि जागरण और भजन संध्या का आयोजन हुआ। बनकाखेड़ा स्थित मोचड़िया के मंड देवनारायण मंदिर में आयोजित भजन संध्या में माया गुजरी, प्रह्लाद गुर्जर और राजू लोहार आकोला ने भजनों की प्रस्तुति दी। भक्तिमय माहौल में श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते रहे।

प्रभात फेरी से भक्तिमय हुआ ढ़ेलाणा, गूंजे हरि बोल के जयकारे



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। भगवान श्री देवनारायण के असवार लीलाधर घोड़े के 1115वें जन्मोत्सव पर गुरुवार को ढ़ेलाणा गांव में हरि बोल प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें आसपास के 51 गांवों की मंडलियों ने भाग लिया।

चारभुजानाथ की शोभायात्रा एवं देवनारायण की बिंदोली के साथ शुरू हुई प्रभात फेरी गांव के प्रमुख मार्गों से होकर बालक देवजी मंदिर पहुंची।

इस दौरान हरि भजनों और जयकारों से गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। समापन पर प्रसादी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसादी वितरित की गई।

दोवनी देव नारायण मंदिर में भादवी छठ पर धार्मिक आयोजन हुआ

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास



दोवनी स्थित देव नारायण मंदिर में भादवी छठ के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। आयोजन के तहत एक दिन पूर्व भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने देर रात तक भजनों का आनंद लिया।

भादवी छठ के अवसर पर गुरुवार सुबह भगवान देव नारायण का शेष जलधारा से महाअभिषेक किया गया। इसके बाद मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। पूजा-अर्चना एवं विशेष श्रृंगार पुजारी गोपाल शर्मा ने संपन्न कराया। तत्पश्चात महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान देव नारायण के दर्शन किए।

महाआरती के बाद भगवान को भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए दिनभर भंडारे का आयोजन चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

सवाई भोज मंदिर परिसर में तीन दिवसीय पशु मेले का शुभारंभ

महंत सुरेश दास महाराज ने पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर किया उद्घाटन

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल श्री सवाई भोज एवं देवनारायण मंदिर परिसर में नगर पालिका की ओर से आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक पशु मेले का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि सवाई भोज मंदिर के महंत श्री श्री 1008 सुरेश दास महाराज ने पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर मेले का विधिवत उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह में नगर पालिका प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे। नगर पालिका के सहायक अभियंता प्रवीण कुमार मीणा, कनिष्ठ अभियंता राजमल गुर्जर सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पशुपालकों और व्यापारियों की रहेगी चहल-पहल

तीन दिवसीय पशु मेले में आसींद सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पशुपालकों के पहुंचने की उम्मीद है। पशुपालक उत्तम नस्ल के पशुओं की खरीद-बिक्री के लिए मेले में पहुंचेंगे। मेले



को लेकर नगर पालिका की ओर से पेयजल, रोशनी, सुरक्षा सहित आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मेले के दौरान पशुपालकों और व्यापारियों के साथ ग्रामीणों की भी आवाजाही से परिसर में रौनक बनी रहेगी।

पीएम मोदी के जन्मदिवस पर 101 दीप जलाकर की दीर्घायु की कामना

सांसद दामोदर अग्रवाल ने 'आशीर्वाद दिया' कार्यक्रम में लिया सुशासन का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने गुरुवार को आरके कॉलोनी स्थित शिव साईं मंदिर में 'आशीर्वाद दिया' कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान 101 दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना की गई तथा सुशासन का संकल्प लिया गया।



सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि कार्यक्रम भारत जन सेवा अभियान के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी मोर्चा नंदलाल गुर्जर, डॉ. राजा साध वैष्णव, रोशन मेघवंशी, कल्पेश चौधरी, विशाल गुरुजी, ओम पाराशर, मुकेश शास्त्री, सुनीता कटारिया और रामानुज सारस्वत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महर्षि गर्गाचार्य जन्मोत्सव पर हवन-यज्ञ, समाज में एकजुटता और संस्कारों का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

गर्ग ब्राह्मण (सरयूपारीण) समाज महासभा के तत्वावधान में गुरुवार को महर्षि गर्गाचार्य जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हवन-यज्ञ, महापुरुषों के स्मरण और सामाजिक एकजुटता के साथ युवा पीढ़ी को संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित सत्यनारायण नागर एवं पंडित हरिप्रसाद गर्ग (खामोर) के आचार्यत्व में हवन-यज्ञ से हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि पंडित अशोक व्यास, महासभा अध्यक्ष गोपाल नारायण नागर, विशिष्ट अतिथि डॉ. भैरूंलाल गर्ग, शृंग कृषि संस्थान के सचिव कैलाशचंद पाण्ड्या



एवं गोपाल सुखवाल ने महर्षि गर्गाचार्य के चित्र पर धूप-अर्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।


समारोह में अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा, मेवाड़ी पगड़ी और शॉल ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि पंडित अशोक व्यास ने महर्षि गर्गाचार्य के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान खगोलविद, ज्योतिष शास्त्र के प्रकांड विद्वान और 'गर्ग संहिता' जैसे कालजयी ग्रंथ के रचयिता बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. भैरूंलाल गर्ग ने समाज से कुरीतियों को समाप्त करने और युवाओं को अपनी संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़े रखने का आह्वान किया। पूर्व सीबीईओ सत्यनारायण नागर ने युवाओं से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहने तथा सामाजिक मूल्यों और प्रतिष्ठा को बनाए रखने का संकल्प लेने की बात कही। गायत्री मंदिर प्रबंध समिति के सचिव राजेंद्र धनोप, सुभाषचंद सांगानेर और प्रकाशचंद कुवारिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन हंसा व्यास ने किया। कार्यकारी अध्यक्ष रवि प्रकाश शर्मा एवं महासचिव राधेश्याम गर्ग ने बताया कि समारोह में गोपाल, पुरुषोत्तम (आरजिया), रतन गर्ग, गोविंद (गुलाबपुरा), कृष्णगोपाल (बड़ली), प्रदीप, महावीर, अरुण (गुलाबपुरा), किशनराम (टीकड़), भगवतीप्रसाद पाण्ड्या, अनिल शर्मा, ओमप्रकाश (पथिकनगर), मुकेश (अड़सीपुरा), हुकमचंद सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

अकड़ने से कुछ नहीं मिलता झुककर पूरी दुनिया का प्यार पा सकते- आचार्य पुलकसागर

विद्यार्थियों को विश्वेश्वरैया के योगदान की जानकारी दी, प्रश्नोत्तरी के जरिए परखा ज्ञान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज संसघ के सानिध्य में शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में दशलक्षण (पर्युषण) महापर्व की आराधना के तहत दूसरे दिन गुरूवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव से उत्तम मार्दव धर्म का पूजन एवं आराधना की गई। पर्युषण में आयोजित पाप नाशनम् शिविर में शामिल सैकड़ो श्रद्धालु प्रातःकाल से लेकर रात्रि तक परमात्मा की पूजा अर्चना व भक्ति में समर्पित है। पूर्यषण के दूसरे दिन आचार्य पुलकसागर महाराज के सानिध्य में भगवान का अभिषेक करने चक्रवती के साथ इन्द्र रूप में श्रावक उमड़े। भगवान की भक्ति में श्रावक श्राविकाएं झूम उठे ओर जमकर नाचते गाते रहे।



आचार्य पुलकसागर महाराज ने उत्तम मार्दव धर्म का संदेश देते हुए कहा कि जीवन को सफल बनाना है तो मान ओर क्रोध को दबाकर रखे। हमे असफलता पर क्रोध ओर सफलता पर मान आता है। चार कषाय क्रोध,मान, माया व लोभ से मुक्ति के बिना हम परमात्मा की प्राप्ति नहीं कर सकते। दशलक्षण पर्व कषायों पर जीत की प्रेरणा देता है। परमात्मा का नाम लेने पर ही जीवन का बेड़ा पार होगा। पशु ने भी उनका नाम लिया तो उसका बेड़ा पार हो गया। उन्होंने कहा कि जैसे हमारे भाव होंगे वैसा ही भव प्राप्त होगा। कभी भी अकड़ना नहीं चाहिए ओर विनम्र रहना चाहिए। जो विनम्र होकर परमात्मा को समर्पित रहता उसे ही उनकी कृपा प्राप्त होती है। झुकने वाला ही उपर उठता है। अकड़ने से कुछ नहीं मिलता झुककर पूरी दुनिया का प्यार पा सकते है। आचार्यश्री ने कहा कि उत्तम मार्दव धर्म विनम्रता की सीख देता है। जो काम अकड़ से नहीं होते वह परमात्मा के चरण पकड़ लेने से हो जाएंगे। यदि परमात्मा की आराधना करते हुए भी छल कपट का भाव रखेंगे तो वह कभी सार्थक नहीं होगा। बाहर की बजाय हमारे भीतर बदलाव आना जरूरी है। हमारे अंदर जितनी पवित्रता होगी जीवन उतना ही मंगलमय बनता जाएगा। तन से ही नहीं मन से भी पवित्र होने का अवसर पर्युषण की आराधना है। संतों की संगति से जो सुख मिलता है वह बैकुण्ठ में भी प्राप्त नहीं हो सकता।

श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि पर्युषण के पहले दिन चक्रवती बनकर भगवान का अभिषेक करने का सौभाग्य पारस खुशबू जैन इन्दौर ने प्राप्त किया। शांतिधारा का सौभाग्य शिरीष मंजू जैन इन्दौर ने प्राप्त किया। सांयकालीन महाआरती का सौभाग्य मंजूदेवी,दिलीप, प्रवीण एवं नवीन चौधरी परिवार ने प्राप्त किया। दशलक्षण महापर्व के तीसरे दिन शुक्रवार को उत्तम आर्जव धर्म की आराधना होगी। चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष शाह एवं सह संयोजक लोकेश अजमेरा के अनुसार पाप नाशनम शिविर एवं पर्युषण की दस दिवसीय आराधना अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर 25 सितम्बर को पूर्ण होगी। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 5.30 से 6.30 बजे तक योग ध्यान एवं आचार्य भक्ति हो रही है। सुबह 7 बजे से भगवान का अभिषेक, शांतिधारा व दशलक्षण धर्म पूजन हो रहा है। सुबह 9.15 से 10.15 बजे तक आचार्य पुलकसागर महाराज के प्रवचन हो रहे है। शाम 4 बजे से धार्मिक कक्षाएं हो रही है। शाम 5.30 से 6.30 बजे तक प्रतिक्रमण एवं ध्यान साधना का आयोजन होता है। शाम को 6.30 बजे आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से परमात्मा की भक्ति हो रही है।



QUICK BITES

उत्तम मार्दव धर्म पर सुपार्श्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने की भक्ति आराधना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



दिगम्बर जैन समाज की ओर से आयोजित दशलक्षण महापर्व के तहत गुरुवार को उत्तम मार्दव धर्म की श्रद्धा और भक्तिभाव से आराधना की गई। श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दिनभर धार्मिक आयोजनों का सिलसिला चलता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजा-अर्चना एवं भक्ति कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

राजेश ठग ने बताया कि प्रातःकाल मंदिर में मूलनायक भगवान सुपार्श्वनाथ की शांतिधारा की गई। शांतिधारा का पुण्यार्जन निर्मल-निर्मला सरावगी परिवार एवं प्रेमलता-हिमांशु वेद परिवार को प्राप्त हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान की शांतिधारा कर सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की मंगल कामना की। इसके बाद संगीतमय दशलक्षण विधान का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।


नेमीचंद गोधा ने बताया कि दशलक्षण पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रातः मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भर रहा है। प्रतिदिन करीब 15 से 16 शांतिधाराएं हो रही हैं। शांतिधारा के पुण्यार्जक इंद्र का स्वरूप धारण कर भगवान की शांतिधारा करते हैं।

दोपहर में पंडित रजनीश शास्त्री ने तत्वार्थ सूत्र का वाचन किया। वहीं शाम को सुपार्श्वनाथ सर्किल से सरावगी परिवार एवं वेद परिवार द्वारा महारती लेकर मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-बाजों के साथ निकली शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए शामिल हुए। मंदिर पहुंचने पर भगवान सुपार्श्वनाथ की भव्य महाआरती की गई।

समिति अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल ने बताया कि महाआरती के बाद उत्तम मार्दव धर्म पर विशेष प्रवचन हुए। प्रवचन में मान-सम्मान, पद और प्रतिष्ठा के अहंकार से दूर रहकर जीवन में विनम्रता, सरलता और मधुर व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

नगर निगम चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन पर विधायक कोठारी ने जताया मतदाताओं का आभार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



नगर निगम भीलवाड़ा के चुनाव शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न होने पर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने शहर के मतदाताओं, निर्वाचन एवं प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस प्रशासन तथा चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

विधायक कोठारी ने कहा कि शहरवासियों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मतदान किया। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में सहयोग के लिए सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों एवं कार्यकर्ताओं का भी आभार जताया।

उन्होंने नगर निगम की नई महापौर जसवंत कंवर के निर्विरोध निर्वाचित होने पर भी शहरवासियों एवं सभी पार्षदों को शुभकामनाएं दीं। जसवंत कंवर गुरुवार को भीलवाड़ा नगर निगम की पहली महिला महापौर निर्विरोध निर्वाचित हुईं। निर्दलीय प्रत्याशी संतोष कंवर के नामांकन वापस लेने के बाद उनका निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

कोठारी ने कहा कि नगर निगम के माध्यम से शहर की स्वच्छता, सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, यातायात व्यवस्था, पार्कों सहित नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। उन्होंने शहर के विकास में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया।


विधायक ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शहर के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए।



विश्वकर्मा दिवस पर जांगिड़ समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

त्रिवेणी संगम से निकली वाहन रैली, सिंगोली श्याम स्थित विश्वकर्मा मंदिर में हुई पूजा-अर्चना





भीलवाड़ा फोकस @ लाड़पुरा।

जांगिड़ समाज की ओर से गुरुवार को विश्वकर्मा दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर त्रिवेणी संगम से भव्य शोभायात्रा एवं वाहन रैली निकाली गई, जिसमें समाज के नवयुवकों सहित बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

वाहन रैली सुबह 9 बजे त्रिवेणी संगम से रवाना हुई। रैली का मांडलगढ़, बलदाखा, सराणा एवं मोटरों का खेड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रैली सिंगोली श्याम स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर पहुंची, जहां समाजबंधुओं ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर आरती की।

इसके बाद विश्वकर्मा सराय में आयोजित कार्यक्रम में मंदिर विकास कमेटी अध्यक्ष कन्हैयालाल जांगिड़ एवं त्रिवेणी संगम अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ ने समाज की एकता, संगठन एवं सामाजिक विकास को लेकर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महावीर जांगिड़, मोडूलाल जांगिड़, मदन जांगिड़, श्यामलाल जांगिड़, सज्जन जांगिड़, भंवर जांगिड़, सत्यनारायण जांगिड़ सहित समाज के कार्यकर्ता एवं समाजबंधु मौजूद रहे।

कार्यक्रम के समापन पर समाजबंधुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

भोजरास से गड़बोर चारभुजा नाथ की पहली पदयात्रा शुरू

तिलक-दुपट्टा पहनाकर ग्रामीणों ने किया पदयात्रियों का स्वागत, मंगलमय यात्रा की कामना

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।



ग्राम भोजरास से गड़बोर स्थित प्रसिद्ध चारभुजा नाथ मंदिर के लिए पहली पदयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हुई। पदयात्रा शुरू होने से पहले ग्रामीणों ने पदयात्रियों का तिलक लगाकर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद सभी पदयात्रियों को चारभुजा नाथ के जयकारों के साथ यात्रा के लिए रवाना किया गया।

इस अवसर पर गांव में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों ने पदयात्रियों की यात्रा सकुशल एवं मंगलमय होने की कामना की। समाजसेवी मातृशक्ति रेखा देवी अजमेरा ने कहा कि भगवान चारभुजा नाथ के प्रति श्रद्धा और आस्था के साथ शुरू हुई यह पहली पदयात्रा सभी के लिए सुख-शांति एवं मंगल लेकर आए।

पदयात्रियों के स्वागत एवं विदाई कार्यक्रम में रेखा देवी अजमेरा, अशोक अजमेरा, दुर्गा प्रसाद मालपानी, फूलचंद जाट, संपत पुरी, भूपेंद्र सिंह, जगदीश राव, भोपाल जाट, हरिओम शर्मा, संजय शर्मा, राधेश्याम साहू, देवी लाल लोहार, गंगाराम खारोल, लालजी भोपा, राजू साहू, भंवर टेलर, जीवन कुम्हार, भंवर साहू, अमर सिंह राठौड़, सत्यनारायण वैष्णव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

अफीम किसानों की समस्याओं को लेकर नारकोटिक्स आयुक्त से मिले किसान

लंबित अफीम पट्टे जारी करने और पुराने प्रकरणों के निस्तारण की उठाई मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



अफीम किसानों की लंबे समय से लंबित समस्याओं और पट्टों से जुड़े प्रकरणों के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को नारकोटिक्स आयुक्त ग्वालियर दिनेश विसेन से मुलाकात की। जिला अफीम कार्यालय भीलवाड़ा के निरीक्षण के दौरान किसानों ने अधिक बुवाई सहित विभागीय स्तर पर लंबित मामलों में आवश्यक कार्रवाई कर पात्र किसानों को अफीम पट्टे जारी करने तथा आगामी अफीम नीति में पुराने लंबित प्रकरणों के समाधान की मांग रखी।

नारकोटिक्स आयुक्त दिनेश विसेन ने गुरुवार को जिला अफीम कार्यालय भीलवाड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला अफीम अधिकारी सुशील कुमार वर्मा ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण के बाद आयुक्त ने अफीम किसानों एवं नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों के साथ किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की।

भारतीय किसान संघ की ओर से किसान हित में विभिन्न मांगें आयुक्त के समक्ष रखी गईं। किसान प्रतिनिधियों ने बताया कि कई किसान लंबे समय से अधिक बुवाई अथवा विभागीय स्तर पर लंबित मामलों के चलते अपने अफीम पट्टों से वंचित हैं। किसान प्रतिनिधियों ने मांग की कि जो प्रकरण नारकोटिक्स आयुक्त के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, उनमें आवश्यक कार्रवाई करते हुए लंबित पट्टे जारी किए जाएं।

पुराने प्रकरणों के निस्तारण की मांग

किसानों ने आगामी अफीम नीति को लेकर भी अपनी समस्याएं सामने रखीं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1990 में बुवाई करने तथा वर्ष 1991 में विभाग के समक्ष उपज प्रस्तुत करने वाले कई किसानों के प्रकरण विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन दर्ज होने के बावजूद अब तक लंबित हैं। किसान संघ ने मांग की कि ऐसे सभी लंबित एवं ऑनलाइन दर्ज अफीम पट्टों को शून्य अथवा न्यूनतम औसत के आधार पर जारी करने की प्रक्रिया अपनाई जाए, ताकि वर्षों से इंतजार कर रहे किसानों को राहत मिल सके।

किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि अफीम किसानों से जुड़े पुराने लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण होने से बड़ी संख्या में किसानों को राहत मिलेगी। साथ ही आगामी अफीम नीति में भी किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए लंबित प्रकरणों के समाधान का प्रावधान किए जाने की मांग की गई। इस दौरान जिला अफीम अधिकारी सुशील कुमार वर्मा सहित नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी, बड़ी संख्या में अफीम किसान एवं भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रांत अफीम आयाम प्रमुख एवं भारतीय किसान संघ चित्तौड़ प्रांत के अध्यक्ष बद्रीलाल तेली, प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट, जिला मंत्री लादूलाल जाट, जिला अफीम प्रमुख रामपाल जाट, भंवरलाल सुथार, रामेश्वरलाल जाट सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

शाहपुरा पालिका अध्यक्ष चुनाव में दो दावेदार आमने-सामने

नामांकन संवीक्षा के बाद रमेश सेन और बालमुकुंद तोषनीवाल के बीच मुकाबला, 21 सितंबर को होगा मतदान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



मूलचंद पेसवानी। नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद मुकाबले की तस्वीर साफ हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए दाखिल चार नामांकनों में से दो खारिज होने के बाद अब चुनावी मैदान में कांग्रेस के रमेश सेन और निर्दलीय बालमुकुंद तोषनीवाल आमने-सामने हैं। 35 सदस्यीय नगर पालिका में कांग्रेस के 22 पार्षद होने से उसके पास बहुमत है, लेकिन कांग्रेस से जुड़े रहे तोषनीवाल के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में रहने से चुनाव को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं।

बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए कुल चार नामांकन दाखिल किए गए थे। इनमें कांग्रेस के रमेश सेन, भाजपा की ललिता कहार तथा बालमुकुंद तोषनीवाल के दो नामांकन शामिल थे। तोषनीवाल ने एक नामांकन कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में और दूसरा निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर दाखिल किया था। गुरुवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद दो नामांकन खारिज होने के बाद अब मुकाबला दो प्रत्याशियों के बीच रह गया है।

कांग्रेस के पास 22 पार्षद

शाहपुरा नगर पालिका के 35 वार्डों के चुनाव परिणाम में कांग्रेस ने 22 सीटों पर जीत दर्ज की है। भाजपा के 8 तथा निर्दलीय 5 पार्षद निर्वाचित हुए हैं। इस लिहाज से कांग्रेस के पास अध्यक्ष पद के लिए आवश्यक बहुमत से अधिक संख्या मौजूद है। हालांकि अब राजनीतिक नजरें कांग्रेस के भीतर के समीकरणों पर टिकी हैं। रमेश सेन और बालमुकुंद तोषनीवाल दोनों कांग्रेस से जुड़े रहे हैं और इस चुनाव में पार्षद निर्वाचित हुए हैं। उपलब्ध परिणाम के अनुसार रमेश सेन वार्ड 15 और बालमुकुंद तोषनीवाल वार्ड 16 से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित हुए थे।

निर्दलीय प्रत्याशी ने बढ़ाई राजनीतिक हलचल

बालमुकुंद तोषनीवाल के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में रहने से अध्यक्ष पद का चुनाव चर्चा में आ गया है। दूसरी ओर भाजपा के 8 और निर्दलीय 5 पार्षद भी बोर्ड में मौजूद हैं। ऐसे में मतदान के दौरान पार्षदों के रुख और विभिन्न राजनीतिक समीकरणों पर नजर रहेगी।

18 सितंबर तक नाम वापसी

अध्यक्ष पद के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 18 सितंबर निर्धारित है। इसके बाद यदि चुनाव आवश्यक रहता है तो 21 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। नामांकन की तस्वीर साफ होने के बाद अब सभी की निगाहें नाम वापसी की प्रक्रिया और इसके बाद होने वाले मतदान पर टिकी हैं। चुनाव परिणाम से शाहपुरा नगर पालिका के आगामी बोर्ड की राजनीतिक दिशा भी स्पष्ट होगी।

दीक्षा दिव्यभाव देती है, पापों का क्षय करती है : संत नवनिधराम

महाप्रभु रामचरणजी महाराज की 275वीं दीक्षा जयंती पर 108 जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



मूलचंद पेसवानी। रामस्नेही संप्रदाय की पावन धरती शाहपुरा में गुरुवार को आद्याचार्य महाप्रभु स्वामी श्री रामचरणजी महाराज की 275वीं दीक्षा जयंती श्रद्धा, साधना और सेवा भाव के साथ मनाई गई। रामनिवास धाम के कार्यवाहक भंडारी संत श्री नवनिधरामजी महाराज की प्रेरणा से आयोजित नर-नारायण सेवा के तहत शाहपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों के 108 जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई। आयोजन के माध्यम से दीक्षा जयंती को आध्यात्मिक स्मरण के साथ लोकमंगल और परोपकार से जोड़ा गया।

इस अवसर पर संत नवनिधरामजी महाराज ने कहा कि दीक्षा केवल धार्मिक विधि नहीं, बल्कि साधक के जीवन को दिव्यभाव की ओर ले जाने वाली आध्यात्मिक प्रक्रिया है। दीक्षा साधक के भीतर दिव्यभाव का संचार करती है और पापों के क्षय का मार्ग प्रशस्त करती है। गुरु से प्राप्त दीक्षा साधक को आत्मचिंतन, संयम, साधना और सदाचार की ओर प्रेरित करती है।

साधना के साथ सेवा भी जरूरी

संत नवनिधरामजी महाराज ने महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन आत्मसंयम, भक्ति, सदाचार और मानवीय मूल्यों का संदेश देता है। गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा उनके बताए मार्ग को जीवन में अपनाने से प्रकट होती है। साधना का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत आत्मकल्याण तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में सेवा, सद्भाव और मानवीय संवेदना का विस्तार भी होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की सहायता करना भी साधना का महत्वपूर्ण पक्ष है। सेवा में अहंकार का स्थान नहीं होना चाहिए और मानव मात्र में नारायण का भाव देखते हुए सेवा करनी चाहिए। नर-नारायण सेवा इसी भावना को समाज में स्थापित करने का माध्यम है।

सेवा सहयोगियों ने बढ़ाया हाथ

नर-नारायण सेवा में विभिन्न स्थानों से जुड़े श्रद्धालु परिवारों ने सहयोग किया। लक्ष्मीनारायण लढ़ा, चित्तौड़गढ़ निवासी एवं वर्तमान में अहमदाबाद प्रवासी, रामप्रसाद विजयवर्गीय जयपुर, चिमनलाल पंवार, चारमीनार कुमकुम एवं गरम मसाला हैदराबाद तथा सतीश काबरा अहमदाबाद की ओर से सेवा कार्य में सहयोग किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सेवा सहयोगी परिवारों के प्रति रामनिवास धाम की ओर से आभार व्यक्त किया गया। जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक राशन सामग्री वितरित की गई।

इस अवसर पर सूर्यप्रकाश बिड़ला, राकेश सोमाणी, रामसहाय बिड़ला, गोपाल माली, रामसहाय अग्रवाल, नारायण सिंह सहित आयोजक परिवारों से जुड़े सदस्य एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन आध्यात्मिक साधना, सेवा और लोकमंगल के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

भीलवाड़ा की पहली महिला महापौर बनीं जसवंत कंवर, निर्विरोध निर्वाचन

निर्दलीय संतोष कंवर ने नामांकन वापस लिया, आज होगी औपचारिक घोषणा

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।



निर्विरोध महापौर बनी जसवंत कंवर



संतोष कंवर ने वापस लिया नामांकन

भीलवाड़ा नगर निगम की पहली महिला महापौर के रूप में भाजपा प्रत्याशी जसवंत कंवर का निर्विरोध निर्वाचन हो गया है। महापौर पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने वाली वार्ड 10 की पार्षद संतोष कंवर ने गुरुवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके साथ ही महापौर पद के लिए जसवंत कंवर एकमात्र प्रत्याशी रह गईं और उनका निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया। अब शुक्रवार को नाम वापसी की समय सीमा पूरी होने के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी।

11:48 बजे वापस लिया नामांकन

निर्दलीय प्रत्याशी संतोष कंवर गुरुवार सुबह अपने पति गजेंद्र सिंह के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचीं। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद संतोष कंवर जिलाध्यक्ष के साथ नगर निगम पहुंचीं और निर्वाचन अधिकारी के समक्ष सुबह 11 बजकर 48 मिनट पर अपना नामांकन वापस ले लिया।

इस दौरान उनके पति गजेंद्र सिंह तथा भाजपा महापौर प्रत्याशी जसवंत कंवर के प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह बिलिया भी मौजूद रहे।

भाजपा कार्यालय पर हुआ स्वागत

भाजपा जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि नामांकन वापसी के बाद संतोष कंवर का भाजपा कार्यालय में स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने उनके निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और संगठन में सभी कार्यकर्ता परिवार की भावना से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि आपसी नाराजगी के बावजूद संगठन की एकजुटता के साथ आगे बढ़ना पार्टी की प्राथमिकता है।

प्रदेश में पहली निर्विरोध महापौर वाली नगर निगम

संतोष कंवर के नामांकन वापस लेने के बाद जसवंत कंवर के सामने अब कोई प्रत्याशी नहीं बचा है। ऐसे में उनका निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। औपचारिक निर्वाचन घोषणा शुक्रवार को नाम वापसी की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा की जाएगी।

इसके साथ ही भीलवाड़ा नगर निगम प्रदेश की पहली ऐसी नगर निगम बनने जा रही है, जहां महापौर का निर्वाचन निर्विरोध हुआ है।

जसवंत कंवर नगर निगम बनने के बाद भीलवाड़ा की पहली महिला महापौर होंगी।

बंदियों के अधिकारों को लेकर ग्रामीणों को दी कानूनी जानकारी

गोविंदपुरा व उदपुरिया में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से गुरुवार को ग्राम गोविंदपुरा एवं उदपुरिया में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बंदियों के कानूनी एवं संवैधानिक अधिकारों की जानकारी दी गई तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में पीएलवी रामबाबू माथुर एवं अंजली नायक ने ग्रामीणों को बंदियों के अधिकारों के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भारतीय कानून के तहत जेल में बंद व्यक्तियों को भी मौलिक एवं संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। बंदी को अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बंदी को जेल में उचित चिकित्सा जांच, उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं प्राप्त करने का अधिकार है।

पीएलवी ने ग्रामीणों को बंदियों के साथ कानूनी प्रक्रिया के दौरान उनके अधिकारों, विधिक सहायता तथा उपलब्ध कानूनी सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधिक अधिकारों से संबंधित जानकारी प्राप्त की और विभिन्न विषयों पर सवाल भी पूछे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

नाइट कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

मोदीनगर कंजर कॉलोनी में गणेश महोत्सव के तहत आयोजन, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मुकेश जाट का स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।



पंडेर क्षेत्र के मोदीनगर स्थित कंजर कॉलोनी में गणेश महोत्सव के तहत कबड्डी प्रतियोगिता एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। नाइट कबड्डी प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा

कार्यक्रम में पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मुकेश जाट को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। मोदीनगर कंजर कॉलोनी पहुंचने पर ग्रामीणों ने जाट का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर मुकेश जाट ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भविष्य की सफलता वर्तमान में की गई मेहनत पर निर्भर करती है। यदि खिलाड़ी पूरी मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ खेल में प्रदर्शन करता है तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

QUICK BITES

विचित्र वेशभूषा में मंडोवरा जिले में प्रथम

जिला स्तरीय शिक्षक खेलकूद प्रतियोगिता मांडलगढ़ में हुई संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा:



शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 37वीं शिक्षक क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2026 के पुरुष वर्ग का जिला स्तरीय आयोजन गुरुवार को पीएमश्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय मांडलगढ़ में संपन्न हुआ ।सांस्कृतिक प्रतियोगिता अंतर्गत आयोजित हुई विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुंदली के सुवाणा ब्लॉक से प्रतिनिधित्व करते हुए महेश मंडोवरा ने भूत की विचित्र वेशभूषा पहनकर उम्दा प्रदर्शन कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया । मंडोवरा ने बताया कि भूत की विचित्र वेशभूषा पहन कर प्रस्तुति देने के पीछे भूतों के प्रति समाज में बने हुए डर,अंधविश्वास और अज्ञानता को दूर करना है जिन्हें हम भूत समझते है,वह अक्सर मानसिक बीमारी या सिर्फ हमारा भ्रम होता है ।इसी सकारात्मक संदेश को लेकर भूत की वेशभूषा में प्रस्तुति दी गई ।उल्लेखनीय है कि मंडोवरा ने गत वर्ष भी पागल की विचित्र वेशभूषा में भाग लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।मंडोवरा अब लालसोट,दौसा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

प्रबोधक संघ का जिला सम्मेलन आज

मौचडीया का मंड देवनारायण मंदिर में जुटेंगे जिलेभर के प्रबोधक

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।

जसवंत पारीक। राजस्थान प्रबोधक संघ की भीलवाड़ा शाखा की ओर से जिला सम्मेलन का आयोजन आज शुक्रवार को मौचडीया का मंड स्थित देवनारायण मंदिर, बनकाखेड़ा में किया जाएगा। सम्मेलन में जिलेभर से प्रबोधक एवं संघ के पदाधिकारी भाग लेंगे। सम्मेलन में प्रबोधकों से जुड़े विभिन्न विषयों एवं समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने, प्रबोधकों के हितों से जुड़े मुद्दों तथा शैक्षणिक व्यवस्थाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।आयोजन को लेकर संघ पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सम्मेलन में आगामी कार्ययोजना को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

3 किमी जाम ने खोली पुलिस व्यवस्था की पोल, सूचना तंत्र पर उठे सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



देवनारायण जयंती पर दलपुरा देवनारायण मंदिर में उमड़ी भारी भीड़ के बीच दलपुरा से शेरपुरा तक करीब 3 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। कोटा, बूंदी, बारां सहित कई जिलों से पहुंचे हजारों दर्शनार्थी घंटों जाम में फंसे रहे। मौके पर पर्याप्त पुलिस जाप्ता और यातायात व्यवस्था नहीं होने से हालात बिगड़ते गए।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि देवनारायण जयंती जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में बाहर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की जानकारी होने के बावजूद पुलिस का सूचना तंत्र और यातायात प्लान कहां था? भीड़ बढ़ने के बाद भी समय रहते पुलिस बल तैनात नहीं होने से आमजन को परेशानी उठानी पड़ी। 3 किमी तक वाहनों की कतारें और सड़क पर फंसे श्रद्धालु पुलिस की तैयारियों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आयोजन से पहले ही यातायात मार्ग, पार्किंग और पुलिस जाप्ते की व्यवस्था की जाती तो जाम की स्थिति से बचा जा सकता था।

महापौर के पति भूपेंद्र सिंह राणावत का बासड़ा में स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।



भीलवाड़ा नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर जसवंत कंवर राणावत के पति भूपेंद्र सिंह राणावत का उनके पैतृक गांव बासड़ा पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। गांव की सीमा पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन किया। मुख्य चौराहे पर माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और आतिशबाजी भी की।

इसके बाद भूपेंद्र सिंह राणावत ने ग्रामीणों के साथ देवनारायण मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि बासड़ा उनकी जन्मभूमि और पैतृक गांव है तथा गांव से उनका गहरा लगाव है।

ग्रामीणों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि महापौर जसवंत कंवर राणावत फिलहाल जयपुर में शपथ ग्रहण एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। शपथ के बाद उनके बासड़ा पहुंचने पर ग्रामीणों की ओर से स्वागत किया जाएगा।

राणावत ने बासड़ा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क, पानी और बिजली से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करने की बात कही। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा एवं महिलाएं मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।